प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 04.10.2024

हत्या का प्रयास करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद हथौड़ा बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व थाना प्रभारी कैण्ट के नेतृत्व में उ0नि0 अंजय कुमार मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 552/24 धारा 115(2),352,351(3),109,333 भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्त पंकज कुमार को 01 अदद हथौड़ा के साथ गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 03.10.2024 को छात्रसंघ चौराहा थाना कैण्ट में स्थित वादी मुकदमा/ डॉक्टर के गैस्ट्रो लीवर अस्पताल में अभियुक्त का विवाद वादी मुकदमा/ डॉक्टर से अपनी पत्नी का ईलाज बिना नंबर के कराने की बात को लेकर हुआ था। दिनांक 04.10.2024 को अभियुक्त वादी मुकदमा/डॉक्टर के अस्पताल में हेलमेट पहनकर आया गया तथा अपने बैग में रखे हथौड़े से वादी मुकदमा /डॉक्टर के सिर पर वार किया गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गये जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व अपराधिक इतिहास-

पंकज कुमार पुत्र चन्द्रदेव निवासी मंझरिया गंगा थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर

अपराधिक इतिहास-

एन0सी0आर0 44/24 धारा 115(2),352 भा0न्या0सं0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 552/24 धारा 115(2),352,351(3),109,333 भा0न्या0सं0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

एक अदद हथौड़ा

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 अंजय कुमार सिंह थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
2. हे0कां0 शिवगोविन्द थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
3. का0 मो0 आजाद थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर